19-Jun- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 6/19/2024 8:20 PM Page 1


हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 जून 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 34.2 डिग्री

4

गोविंदा की वो फिल्म जिसने 1993 में बॉक्स ऑफिस पर रच डाला था इतिहास



## खबर संक्षेप

### नेहरू विद्यालय में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 24 को

**जशपुरनगर।** पं.जवाहर लाल नेहरू शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, एवं 11वीं में वर्ष 2024-25 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 24 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से 01 बजे तक पं.जवाहर लाल नेहरू शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर आयोजित किया गया है। यह चयन परीक्षा सिर्फ बालकों के लिए है। विदित हो कि पं.जवाहर लाल नेहरू शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय में कक्षा 6वीं में 35, 7वीं में 03, 8वीं में 03, 9 वीं में 04, एवं 11 वीं में 10 रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 18 जून 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था।

### जनहित के दो मामलों में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कोनपारा निवासी गंजन राम का डेम के पानी में डुबने से 25 सिम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती सुकमनी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम डुमरिया निवासी गोरसो राम का कुआं के पानी में डुबने से 06 जनवरी 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पुत्रवधु श्रीमती कांती हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब 31.1 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 31.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 19 जून तक औसत वर्षा 69.4 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 1.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 19.8 मिमी, मनोरा में 26.6 मिमी, कुनकुरी में 26.0 मिमी, दुलदुला में 14.5 मिमी, फरसाबहार में 24.9 मिमी, बगीचा में 79.1 मिमी, कांसाबेल में 33.6 मिमी, पत्थलगॉव में 26.5 मिमी, सन्ना में 57.2 मिमी एवं बागबहार में 3.0 वर्षा हो चुकी है।

### प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल कोचिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अजजा एवं अजा वर्ग के विधार्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। छग राज्य के जिस जिले की कोचिंग संस्था का चयन होगा, उसी जिले में कोचिंग कार्य सम्पन्न कराया जाएगा। प्री.इंजीनियरिंग एवं प्री.मेडिकल कोचिंग की तैयारी हेतु राज्य में अनुसूचित जनजाति के 64 तथा अनुसूचित जाति के 36 कुल 100 सीट स्वीकृत है।

### आसपास के अनेक ग्राम पंचायत होंगे शामिल

# नगर पालिका क्षेत्र का हो सकता है विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के पहले नगर पालिका क्षेत्र और वार्डों का परिसीमन हो सकता है। संभावना है, कि नगरपालिका क्षेत्र के परिसीमन में आसपास के हुए ग्राम पंचायतों को नगर पालिका में शामिल किया जा सकता है। नगरीय निकाय चुनाव के पहले नगरीय प्रशासन एवम विकास विभाग के सचिव बासवराजू एस ने आदेश जारी करते हुए नवंबर दिसंबर में चुनाव की संभावना व्यक्त की है और 2011 की जनगणना के अनुसार सभी वर्दोंके परिसीमन करने की बात कही है।

■ जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा परिसीमन

***जशपुर राजनीति की पाठ***

***शाला:*** 1941 में गठित जशपुर नगर पालिका जशपुर की राजनीति लिए बहुत मायने रखती है। छत्तीसगढ़ की भाजपा की राजनीति में बड़ा कद रखने वाले कुमार दिलीप सिंह जुदेव भी जशपुर नगर पालिका में दो बार नगर पालिका अध्यक्ष रह चुके है। इसी तरह कृष्ण कुमार राय पूर्व पर्यटन मंडल के अध्यक्ष भी नगर पालिका से ही अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत किए है। शत्रुंजय प्रताप सिंह, प्रियंवादा सिंह ने भी जशपुर नगर पालिका को अपनी सेवा दे चुके है।




### परिसीमन के बाद दिलचस्प होगी राजनीति

अभी परिसीमन का कार्य शुरू नही किया गया है परिसीमन कर अगर नगर पालिका क्षेत्र का विस्तार किया जाता है तो गम्हरिया, डोडकाचौरा, बाला छापर, गिरंग, सारुडीह, और जरिया को नगर पालिका में शामिल किया जा सकता है। इन छः गांवो को नगर पालिका में शामिल किया जाता है तो 4 वार्ड के बढ़ने की संभावना है। अभी वर्तमान में जशपुर नगर पालिका में 20 वार्ड है। परिसीमन के बाद नगर की राजनीति दिलचस्प होगी क्योंकि पिछले कई सालों से नगर पालिका पर भाजपा का कब्जा बरकरार है। क्या विपक्ष परिसीमन का फायदा उठा पाएगा आने वाले समय में देखना होगा।

### सुझाव मंगाया गया

जनसंख्या के अनुसार वार्डों का परिसीमन किया जाएगा। ताकि जनसंख्या में एकरूपता बनी रहे। इन सबके लिए समय सीमा का निर्धारण किया गया है। नागरिकों से भी आपत्ति और सुझाव मंगवाया गया है। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद रिपोर्ट को कलेक्टर द्वारा राज्य शासन को सौंपा जाएगा।

**योगेश्वर उपाध्याय**
मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष

# सीईओ ने योग दिवस की तैयारियों के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 को होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

■ रंजीता स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

सांसद राधेश्याम राठिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रंजीता स्टेडियम जशपुर में सुबह 7.00 बजे से सामूहिक योग अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों सहित एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाईड के विद्यार्थियों को सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होने निर्देश दिए हैं।

उन्होंने जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, गद्दा, साउण्ड सिस्टम, मेडिकल, पार्किंग जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके लिए विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, डिप्टी कलेक्टर हरि ओम द्विवेदी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



कर्मचारियों की बैठक लेते जिला पंचायत सीईओ।

# सिकलसेल की समाप्ति हमारा लक्ष्यः रायमुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत की उपस्थित में जिला पंचायत सभागार में विश्व सिकलसेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सिकलसेल मरीजों को आमंत्रित कर सिकलसेल से उपचार एवं बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया और सिकल सेल कार्ड का वितरण किया गया।

■ सिकलसेल से उपचार एवं बचाव के बारे में जानकारी देकर किया गया जागरूक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 01 जुलाई 2023 को सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत जिला जशपुर में लक्षित जनसंख्या का सिकलसेल स्क्रीनिंग पूर्ण किया जा चुका है। सिकल सेल रोग या सिकल सेल एनीमिया (रक्ताल्पता) लाल रक्त कोशिकाओं से जुडी एक प्रमुख वंशानुगत विकार है जिसमें इन लाल रक्त कोशिकाओं का आकार अर्धचंद्रकार, हंसिया जैसा हो जाता है। ये असामान्य आकार की लाल रक्त कोशिका कठोर तथा चिपचिपी हो जाती हैं और रक्त वाहिकाओं में फंस जाती हैं जिससे शरीर के कई हिस्सों में रक्त एवं ऑक्सीजन का प्रवाह या तो कम हो जाता है या रुक जाता है। यह आसामान्य आकार लाल रक्त कोशिका के जीवनकाल को भी कम करता है तथा एनीमिया (रक्ताल्पता) का कारण बनता है, जिसे सिकल सेल एनीमिया के नाम से जाना जाता है। मुख्य अतिथि श्रीमती रायमुनि भगत ने कहा कि सीकलसेल की समाप्ति ही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए जन जागरूकता एवं सहभागिता आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक जन को सतर्क रहना आवश्यक है तथा डॉक्टरों की सलाह से दवाई का सेवन एवं उपचार करना चाहिए। अंधविश्वास से दूर रहना चाहिए तथा समय पर डॉक्टर के पास जांच कराए। जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार ने अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सिकल सेल पीड़ित व्यक्ति का उपचार कैसे उपचार किया जाना है कैसे दवाई लेना है बेहतर प्रबंधन कैसे किया जाए के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने सिकल सेल से बचने के लिए जागरूक रहना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा जशपुर को सिकल सेल मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शत प्रतिशत स्क्रीनिंग हो चुका है तथा उपचार भी प्रारंभ कर दिया गया है तथा पीएचसी एवं सीएचसी में निरंतर पहचान किया जा रहा है। 19 जून को प्रत्येक वर्ष विश्व सिकलसेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशन में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संगवारी एनजीओ तथा सेलवियो के सहयोग से सिकलसेल रोगी के उपचार एवं जागरूकता के संबंध में कार्य किया जा रहा है।



सिकलसेल कार्यक्रम में शामिल विधायक रायमुनि।

### 150 ग्रामीणों का किया गया सिकलसेल व स्वास्थ्य जांच



**जशपुरनगर।** कांसाबेल विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सह अध्यक्ष जिला स्थायी कृषि समिति जशपुर सालिक साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस कार्यक्रम के दौरान 150 से ज्यादा बालिकाओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित सिकल सेल टेस्ट किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सिकल सेल से संदर्भित विस्तृत जानकारी बताया गया। सिकल से ग्रसित लोगों को क्या सावधानी रखनी चाहिए, क्या उपचार होना है और खान पान में किन डाइट चार्ट का पालन सुनिश्चित करना है के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिला पंचायत सदस्य सालिक साय ने बताया कि सिकल चिन्हित मरीजों जो वाहक और ग्रसित होते हैं किन परिस्थितियों में वैवाहित बंधन में बंधना चाहिए और किन स्थिति में नही। उन्होंने कहा कि सिकल से ग्रसित लोगों को अगले पीढ़ी का विशेष ध्यान रखते हुए वैवाहित निर्णय लेना चाहिए। श्री साय ने सभी ग्रामीणों महिलाओं बच्चों किशोरियों को अच्छे से पढ़ाई करते हुए अच्छे करियर चयन का चुनाओ करने की सलाह दी। कार्यक्रम प्रबंधन और ब्यावस्थान में मंडल संयोजक कांसाबेल श्री संजय चंद्र, बीपीएम स्वास्थ्य विभाग कांसाबेल ज्ञान दास महंत का विषेश सहयोग रहा।

# दीवार तोड़ खड़े ट्रक को लूट ले गए, डकैती का अपराध दर्ज

**पत्थलगांव।** शहर में दबंगो द्वारा एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी की तर्ज पर फायनेस कम्पनी चोलामंडलम की पालीडीह स्थित यार्ड में खड़ी ट्रक को लुटकर ले जाने का मामला सामने आया है।

4 से 5 लोग 16 जून की देर रात यार्ड का दिवार फांदकर यार्ड में घुस गये और वहा खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजी 6331 को स्टार्ट कर ले जाने लगे वहां स्टार्ट होने की आवाज सुनकर सिक्यूरटी गार्ड विजय यादव बाहर निकला तो लुटेरो ने स्टार्ट ट्रक से सिक्यूरटी गार्ड को कुचलने का प्रयास किया जिसके बाद सिक्यूरटी गार्ड किनारे हो गया तो लुटेरे यार्ड का दीवार और गेट को तोड़ते ट्रक को लेकर फरार हो गये।

इस मामले में यार्ड संचालक की शिकायत पर पत्थलगांव पुलिस ने ट्रक क्रं. सीजी 15 डीजी 6331 का चालक एवं अन्य 3 व्यक्ति के खिलाफ धारा 34-आईपीसी, 392-आईपीसी, 427-आईपीसी, 457-आईपीसीका अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है। बता दे की उस ट्रक का मालिक आकाश जायसवाल पिता भोला प्रसाद जयसवाल निवासी अम्बिकापुर है जिसका फाइनेंस कंपनी में 10 किस्त टूटा हुआ था जिसे फाइनेंस कंपनी के विधिक प्रोसेस के तहत सिज कर यार्ड में खड़ा कराया था।

यार्ड संचालक सुनील गुप्ता ने पत्थलगांव पुलिस को दिए शिकायत में बताया गया है की उसकी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी पत्थलगांव ब्रांच से पार्किंग यार्ड के लिए पालीडीह स्थित भूमि का अनुबंध है दिनांक 15.6.2024 के संध्या 4 बजे लगभग चोला मण्डलम के सिजर द्वारा एक वाहन टाटा एलपीटी 3718 जिसका पंजीयन क्रमांक सीजी 15 डीजी 6331 पार्किंग यार्ड में लाया गया था जिसका स्वामी आकाश जायसवाल पिता भोला प्रसाद जयसवाल निवासी अम्बिकापुर है जिसका फाइनेंस कंपनी में 10 किस्त टूटा हुआ था जिसे फाइनेंस कंपनी के विधिक प्रोसेस के तहत सिज किया गया था। उक्त सिज वाहन को ड्राइवर को बस स्टैण्ड पत्थलगांव नवीन बस आफिस के पास छोड़ा गया था, उक्त ड्राइवर के द्वारा वहां उपस्थित नवीन बस के बुकिंग कांउटर सुजीत को बोला गया था कि मेरा मालिक बोला है कि तुम वहां रूको आज जो भी हो वाहन टाटा एलपीटी 3718 को लेकर ही जाएगें। दिनांक 16.6.2024 को रात्रि लगभग 1 बजे पार्किंग यार्ड का विधिक सिक्यूरटी गार्ड विजय यादव पिता कपील यादव द्वारा मेरे घर आकर सूचना दी गई कि उक्त वाहन को जब वह सो रहा था तब वाहन चालु होने की आवाज सुनकर जब वह बाहर आया तब चार, पांच लोग वाहन चालु कर उसे ले जा रहे थे उसके द्वारा जब वाहन को रोकने की कोशिश की गई तब उसके उपर वाहन चला दिया गया जिससे वह अपनी जान बचाकर वहां से हट गया। उक्त वाहन से गेट को तोड़कर लूट कर ले गया जिसमें से वह वाहन चालक को सिर्फ पहचानता हूं यार्ड संचालक ने निवेदन किया है कि वाहन स्वामी व उसके ड्राइवर के उपर दण्डात्मक कार्यवाही कर उन्हें वाहन सुपूर्द दिलवाकर उचित न्याय दिलाए।

**खास बात**

■ लुटेरों ने सुरक्षा गार्ड को कुचलने का किया प्रयास

# पोस्ट ऑफिस में बन रहा आधार कार्ड

**पत्थलगांव।** आधार कार्ड की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। शहर के डाक घर में अब ना सिर्फ नया आधार कार्ड बनेगा बल्कि पुराने आधार कार्ड में भी अगर कोई गलती हो तो भी उसे सुधरवाया जा सकेगा। इसके लिए डाकघर में ना सिर्फ फिंगर प्रिंट, आई स्कैनर समेत अन्य उपकरण लगाए गए हैं।बता दे की भारतीय डाक विभाग द्वारा रायगढ़ डाक संभाग के अंतर्गत रायगढ़ सदर बाजार / चक्रधरनगर / हरदी/ खरसिया / धरमजयगढ़ / पत्थलगांव/बगीचा डाकघरों में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। जिसके माध्यम से आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार/अपडेशन (पता, मोबाईल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि) का कार्य करवा सकते हैं। चूँकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अतिआवश्यक है, अतः अपने बच्चों का भी निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। समस्त आम नागरिक से अनुरोध है कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन / एनरोलमेंट का कार्य उक्त डाकघरों से जरुर कराएं।

■ पुराने में करवा सकेंगे सुधार







## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम **(2024-25)** में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथिः 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**पासपोर्ट साइज फोटो**

महोदय,

..........(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम..........
2. पिता/पति का नाम..........
3. जन्म तिथि अंकों में..........
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ..........
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..........

1. मो..........2. मो..........व्हाट्सएप नंबर..........

6. शैक्षणिक योग्यता,..........

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**

19- JUN-Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/19/2024 8:14 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# ऑस्कर विनिंग फिल्म के रीमेक का हिस्सा बने माइल्स टेलर



अभिनेता माइल्स टेलर के प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। टेलर ने पैरामाउंट पिक्चर्स की 1982 की क्लासिक फिल्म 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' के आधुनिक संस्करण से जुड़ने का फैसला किया है। फिल्म में अभिनेता अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवाते नजर आएंगे। 37 वर्षीय अभिनेता को इस रोमांटिक ड्रामा में मूल फिल्म में रिचर्ड गेरे के जरिए निभाए गए किरदार जैक मेयो की भूमिका में देखा जाएगा। रीमेक के कथानक और पात्रों के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं, लेकिन इसे मूल कहानी का आधुनिक संस्करण बताया गया है। मैट जॉनसन के पुराने संस्करण पर आधारित, डाना फॉक्स ने पटकथा का नवीनतम मसौदा लिखा है। टेम्पल हिल पैरामाउंट के लिए फिल्म का निर्माण करेगा। टेलर के लिए सैन्य जगत के पात्रों को चित्रित करना कोई नई बात नहीं है। 'टॉप गनः मेवरिक' में 'रूस्टर' ब्रैडशॉ के रूप में उनकी हालिया भूमिका हिट साबित हुई, और दर्शक उन्हें इस शैली के भीतर एक नई चुनौती लेते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। टेलर हैकफोर्ड द्वारा निर्देशित मूल फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने में कामयाब रही थी। इस फिल्म ने छह अकादमी नामांकन और दो जीत हासिल किए थे। इसमें लुई गॉसेट जूनियर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ मूल गीत शामिल थे। 'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन' की कहानी की बात करें तो यह गेरे के किरदार पर केंद्रित है, जिसके जीवन में नौसेना प्रशिक्षण के दौरान तमाम चुनौतियां आती हैं। इस उथल-पुथल के बीच, गेरे के किरदार को एक लड़की से प्यार हो जाता है, जिसका किरदार डेबरा विंगर ने निभाया है। यह प्रोजेक्ट हॉलीवुड में टेलर की हॉट स्ट्रीक को जारी रखता है। उन्होंने हाल ही में नेटफ्लिक्स साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'स्पाइडरहेड' में क्रिस हेम्सवर्थ के साथ अभिनय किया और वह आन्या टेलर-जॉय के साथ आगामी थ्रिलर 'द गॉर्ज' और माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' में दिखाई देने वाले हैं।

### टॉलीवुड

# राम चरण की 'गेम चेंजर' के बनने में देरी, निर्माता की जेब हो रही है ढीली



'गेम चेंजर' एक ऐसी दक्षिण भारतीय फिल्म है, जिसे बनने में बहुत ज्यादा वक्त लग रहा है। फिल्म से जुड़ा कोई अपडेट सामने आता है तो दर्शकों का उत्साह बढ़ जाता है, लेकिन फिर इसकी रिलीज का इंतजार उत्साह को कम कर देता है। इस फिल्म पर तीन साल से कम चल रहा है, जो वाकई में एक लंबा समय है। राम चरण और कियारा के फैंस के लिए समस्या केवल इतनी ही नहीं है। दर्शकों को अभी तक इस सवाल का भी जवाब नहीं मिला है कि फिल्म आखिर किस तारीख को रिलीज होगी। अब 'गेम चेंजर' को लेकर एक नई चर्चा चल पड़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म इंडस्ट्री में इस बात की चर्चा चल रही है कि 'गेम चेंजर' का बजट बढ़ गया है। इसके पीछे की वजह यही है कि फिल्म को बनने में काफी समय लग रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म के निर्माता दिल राजू इस बात से चिंतित नजर आ रहे हैं। 'गेम चेंजर' का निर्देशन शंकर ने किया है। उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी भी लिखी है। यह एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में राम चरण और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर भी अभिनय करते हुए दिखाई देंगे। इसमें राम चरण दो भूमिकाओं में नजर आएंगे।'गेम चेंजर' के अलावा शंकर 'इंडियन 2' में भी व्यस्त थे। कहा जा रहा है कि निर्माताओं के साथ कुछ मुद्दों के चलते फिल्म की शूटिंग पर असर पड़ा है। बता दें कि फिल्म की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है। दिल राजू ने श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया है। एस थमन ने इसे अपनी धुनों से सजाया है। शमीर मुहम्मद के कंधों पर एडिटिंग का जिम्मा है।

### भोजपुरी

# पवन ने पैर छूने को किया था मजबूर अक्षरा ने रो-रोकर बताया अपना हाल



भोजपुरी एक्टर पवन सिंह और अक्षरा सिंह के अफेयर की खबरें लंबे समय तक चर्चा में रही थीं। हालांकि, जब वो रिलेशनशिप में थे जो उन्होंने इसे लेकर कुछ भी रिएक्ट नहीं किया था। लेकिन ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने पवन सिंह पर कई संगीन इल्जाम लगाए थे। साथ ही पवन सिंह संग प्यार और अफेयर की बात को स्वीकार किया था। शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में अक्षरा सिंह ने कहा था, 'मैं उनके प्यार में थी. मुझे लगता था कि मेरी जिंदगी का ये ही लड़का है। उसके बाद जब उन्हें ये लगा कि ये लड़की मेरे हाथ में है तो. एक समय ऐसा था कि मुझे लगता था कि वो जो भी कहें मैं मान लूंगी। मैं इमोशनल थी. नाम जुड़ गया है तो इनके साथ जिंदगी बितानी है। शादी के सपने देख रही थी। प्यार में पागल थी.पहली बीवी को लेकर कोई सवाल नहीं किया।' आगे अक्षरा ने कहा, 'करीबन एक साल ये चला. उसके बाद डॉमिनेटिंग वाला फेज शुरू हो गया। मैं रोज झूठ बोलकर उनके जगने से पहले उनके घर जाती थी। मैं उनके उठने का इंतजार करती थी। खाना बनाकर खिलाती थी. सारा काम करती थी। मुझे लगता था कि ये मेरी ड्यूटी है।' 'रात में उनके सोने का इंतजार करती थी फिर मैं घर जाउंगी। पैरेंट्स को नहीं पता चलना चाहिए, ये डर लगता था। ऐसा लगता था कि समय आएगा तो घर में समझा लूंगी। एक साल होते-होते ऐसा हो गया कि तुम स्टेज पर सबके सामने बोलो कि तुम्हारा मुझसे अफयेर है।

## लाइफ स्टाइल

### तुर्क फैशन



तुर्की (अब तुर्किये) में फैशन यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत समकालीन धार के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। यूरोप और एशिया के बीच एक पुल के रूप में, तुर्किये का फैशन दृश्य विविध प्रभावों का एक आकर्षक मिश्रण है, जो भौगोलिक और ऐतिहासिक रूप से इसकी अनूठी स्थिति को दर्शाता है। इस्तांबुल के ज़ोरलू सेंटर में मॉडेस्ट फैशन वीक के दौरान मोडानिसा और अन्य मॉडल रैम्प पर चलते हुए तुर्क फैशन की समृद्ध परंपरा का नेतृत्व कर रहे हैं।

# मिल्क क्लींजर और बाम क्लींजर को जानिए दोनों में क्या है अंतर



स्किन केयर का सबसे पहला व बेसिक स्टेप होता है क्लीनिंग। अमूमन स्किन की क्लीनिंग के लिए क्लींजर का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि ये आपकी स्किन पर अधिक जेंटल होते हैं। हालांकि, आजकल मार्केट में मिल्क क्लींजर से लेकर फोम क्लींजर, ऑयल क्लींजर व बाम क्लींजर आदि कई प्रोडक्ट्स अवेलेबल हैं। अधिकतर महिलाओं को इन क्लींजर के बीच का अंतर पता नहीं होता है और फिर ऐसे में वे किसी भी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना शुरू कर देती हैं। जबकि वास्तव में आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।

**मिल्क क्लींजर :** मिल्क क्लींजर काफी लाइट और क्रीमी होते हैं और ये स्किन को क्लीन करने के साथ-साथ उसे मॉइश्चराइज भी करते हैं। जिसके कारण आपकी स्किन अधिक सॉफ्ट नजर आती है। यह वाटर बेस्ड होते हैं, जिसमें एमोलिएंट, ऑयल और हाइड्रेटिंग इंग्रीडिएंट्स को मिलाया जाता है। चूंकि ये स्किन केनेचुरल ऑयलको हटाए बिना क्लीन करते हैं और अधिक जेंटल होते हैं, इसलिए इन्हें सेंसेटिव, रूखी या मैच्योर स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इनका एक फायदा यह भी है कि ये नॉन-ग्रीसी होते हैं, इसलिए आप इन्हें डेली यूज में इस्तेमाल कर सकते हैं। मिल्क क्लींजर हल्के मेकअप व गंदगी को आसानी से हटाते हैं, लेकिन हैवी व वाटरप्रूफ मेकअप को रिमूव करने के लिए आपको मेकअप रिमूवर का ही सहारा लेना पड़ेगा।

**बाम क्लींजर :** बाम क्लींजरमिल्क क्लींजरकी तुलना में अधिक थिक होते हैं और इनकी बाम जैसी कंसिस्टेंसी होती है। हालांकि, जब आप इन्हें लगाते हैं तो ये तेल में पिघल जाता है। बाम क्लींजर ऑयल बेस्ड होते हैं, जिसमें ऑयल और मक्खन का इस्तेमाल किया जाता है। ये स्किन को डीप हाइड्रेशन देते हैं। अगर आप अपनी स्किन को क्लीन करने के साथ-साथ हैवी मेकअप व सनस्क्रीन को भी हटाना चाहती हैं तो ऐसे में बाम क्लींजर का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हें रूखी व मैच्योर स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। बाम क्लींजर का इस्तेमाल अमूमन डबल क्लींजिंग के दौरान किया जाता है। बाम क्लींजर से क्लीनिंग करने के बाद वाटर बेस्ड क्लींजर का उपयोग किया जाता है।

**मिल्क क्लींजर और बाम क्लींजर में अंतर:** मिल्क क्लींजर और बाम क्लींजर दोनों ही आपकी स्किन को क्लीन करने में मदद करते हैं। लेकिन रूखी से लेकर नॉर्मल व सेंसेटिव स्किन के लिए मिल्क क्लींजर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

मिल्क क्लींजर दैनिक उपयो के लिए काफी अच्छे माने गए हैं, क्योंकि यह लाइट व हाइड्रेटिंग क्लींजर है। वहीं, बाम क्लींजर का इस्तेमाल रूखी व कॉम्बिनेशन स्किन पर किया जा सकता है। ये स्किन को डीप हाइड्रेशन प्रदान करते हैं। लेकिन इन्हें डेली यूज करने की जगह आप हैवी मेकअप के बाद इस्तेमाल करें।

# स्ट्राइप्स आउटफिट को कैरी करते समय इन टिप्स को करें फॉलो





फैशन



खुद को स्टाइल करते हुए हम सभी कई तरह के स्टाइल व प्रिंट्स को कैरी करते हैं। फैशन की इस दुनिया में यू तो स्टाइल बदलते रहते हैं। लेकिन कुछ ऐसे प्रिंट्स होते हैं, जो कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होते हैं। इन्हीं प्रिंट्स में से एक है स्ट्राइप्स। स्ट्राइप्स को हम सभी कभी साड़ी तो कभी सूट तो कभी टॉप में इस प्रिंट को स्टाइल करते हैं। स्ट्राइप्स में भी आपको कई तरह के पैटर्न मिल जाएंगे, जिन्हें आप अपने स्टाइल व पसंद के अनुसार पहन सकती हैं। कई बार ऐसा होता है कि आप स्ट्राइप्स में भी अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि स्ट्राइप्स पहनते समय आप कुछ छोटी-छोटी बातों पर ध्यान नहीं देती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको स्ट्राइप्स आउटफिट पहनते समय ध्यान रखना चाहिए-


### बॉडी टाइप का रखें ध्यान

स्ट्राइप्स पैटर्न में आपको चौड़ाई से लेकर कलर व डायरेक्शन तक काफी वैरिएशन मिल जाएंगी। इसलिए, यह जरूरी है कि जब भी आप स्ट्राइप्स पहनें तो इन छोटी-छोटी चीजों पर फोकस करें। स्ट्राइप्स को हमेशा अपनी बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए ही पहनना चाहिए। मसलन, अगर आप अधिक लंबी और स्लिम दिखना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल स्ट्राइप्स पहनना अच्छा आइडिया है। वहीं, अपनी बॉडी को थोड़ा हैवी दिखाने के लिए हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स पहन सकती हैं।

### अलग-अलग स्ट्राइप्स को करें स्टाइल

अगर आप स्ट्राइप्स में भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इसका एक अच्छा तरीका है कि आप अलग-अलग स्ट्राइप्स को एक साथ स्टाइल करें। मसलन, आप थिन स्ट्राइप्स और थिक स्ट्राइप्स को एक साथ पहन सकती हैं। अगर आप साड़ी पहन रही हैं तो ऐसे में आप थिक व थिन स्ट्राइप्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसी तरह, आप थिन स्ट्राइप्स शर्ट के साथ थिक स्ट्राइप्स स्कर्ट या पैंट को पहन सकती हैं।

# सेंसेटिव है आपकी स्किन तो डार्क सर्कल्स दूर करने बनाएं ये क्रीम



आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स किसी को भी अच्छे नहीं लगते हैं। जब आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स होते हैं तो इससे चेहरा काफी डल, बेजान व थका हुआ महसूस होने लगता है। अमूमन यह देखने में आता है कि डार्क सर्कल्स की समस्या को दूर करने के लिए हम मार्केट में मिलने वाली अंडर आई क्रीम्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि इसके लिए अंडर आई क्रीम्स बनाना ज्यादा बेहतर होता है।


**एलोवेरा और विटामिन ई की मदद से बनाएं क्रीमः** एलोवेरा सेंसेटिव स्किन को नेचुरली हाइड्रेट करता है, जबकि विटामिन ई आपकी आंखों के आस-पास की सूजन और पफीनेस को कम करता है।

**इस्तेमाल करने का तरीकाः** सबसे पहले एलोवेरा का पत्ता तोड़कर उसका फ्रेश जेल निकाल लें। अब एक कटोरी में एलोवेरा जेल और विटामिन ई कैप्सूल तोड़कर अच्छी तरह मिक्स करें।इसमें नारियल तेल और गुलाब जल मिक्स करें।तैयार मिश्रण को हर रात सोने से पहले अपनी आंखों के नीचे लगाएं।आप इसे रेफ्रिजरेट भी कर सकते हैं, ताकि आपको हर दिन इसे बनाना ना पड़े।

**एवोकाडो और बादाम से बनाएं क्रीमः** अगर आपकी स्किन सेंसेटिव होने के साथ-साथ एजिंग भी है तो आप एवोकाडो और बादाम की मदद से क्रीम बनाएं। एवोकाडो एक नेचुरल मॉइश्चराइजर है, जो फाइन लाइन्स को कम करता है। वहीं, बादाम आपकी स्किन को रिजुविनेट करता है। इस क्रीम को नियमित रूप से लगाने से कुछ ही वक्त में डार्क सर्कल्स की अपीयरेंस कम होने लगती है।

सबसे पहले एक मिक्चर में एवोकाडो और बादाम तेल डालकर अच्छी तरह ब्लेंड कर लें। तैयार पेस्ट को अपनी आंखों के नीचे लगाएं।

# पार्लर जाने का वक्त नहीं है तो न हों परेशान, ऐसे लाएं चेहरे पर निखार



त्यौहार का मौका है और आप घर से बाहर नहीं निकल पा रही हैं तो कोई बात नहीं। आपको कुछ ऐसे होममेड फेस पैक के बारे में जरूर जानना चाहिए, जिनके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। ये सभी फेस पैक पूरी तरह से नेचुरल चीजों से मिल कर बने हैं। ऐसे में इनका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसी के चलते आप इन फेस पैक की मदद से घर पर पार्लर जैसा निखार पा सकती हैं। तो चलिए देर न करते हुए आपको भी इन घरेलू फेसपैक के बारे में बताते हैं।

### टमाटर और शहद का पैक

गर्मी के मौसम में त्वचा को हाइड्रेट रखना जरूरी होता है। इसमें टमाटर आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए आप टमाटर और शहद का पैक तैयार करके त्वचा पर लगा सकती हैं। पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले टमाटर का पेस्ट तैयार करें और फिर इसमें शहद मिक्स करें। अब इस पैक को आप आसानी से अपनी त्वचा पर लगा सकती हैं। ये त्वचा का दमकाने में आपकी मदद करेगा।

### बेसन और नींबू का पैक

नींबू में मौजूद तत्व आपकी त्वचा को ब्लीच करने का काम करते हैं। ऐसे में आप चाहें तो बेसन और नींबू का पैक तैयार करके इसे अपनी त्वचा पर लगा सकती हैं। इसे चेहरे पर लगाकर 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ देर के बाद अपना चेहरा धो लें। इससे आपका चेहरा चमक जाएगा।

### आलू और शहद का पैक

आलू में मौजूद तत्व त्वचा की कई समस्या को न सिर्फ दूर करते हैं, बल्कि ये इंस्टेंट ग्लो भी देते हैं। ऐसे में आप आलू और शहद का पैक तैयार करके इससे अपनी स्किन को साफ कर सकती हैं। इसके लिए बस आलू का रस निकालकर इसमें आपको शहद मिक्स करना है।

ये त्वचा को कुछ ही देर में चमका देगा और आपको पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर चेहरे पर टैनिंग दिख रही हैं और आप इंस्टेंट ग्लो पाना चाहती हैं तो उसमें कॉफी और दही का पैक आपकी मदद करेगा।

## कार्नर न्यूज

### को ग्रूमिंग रूटीन निखारता है आपकी पर्सनैलिटी और बढ़ाता है आत्मविश्वास

# शानदार दिखने और महसूस करने के लिए अपनाएं कम्पलीट मेंस ग्रूमिंग रूटीन

क्या आपने कभी सोचा है कि रितिक रोशन और रणबीर कपूर जैसी सेलेब्रिटी हमेशा सुपर क्लीन और शाइनिंग क्यों दिखते हैं? ऐसा इसलिए है क्योंकि वे पुरुषों के ग्रूमिंग रूटीन को फॉलो करते हैं। एक अच्छा ग्रूमिंग रूटीन एक हेल्दी विकल्प भी है क्योंकि ये आपकी त्वचा को रोजमर्रा के प्रदूषण और सनडैमेज से बचाता है। फोर्ब्स के मुताबिक, ये आपकी पर्सनैलिटी और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। अगर आप भी फॉलो करने के लिए डेली ग्रूमिंग रूटीन की तलाश कर रहे हैं, तो आपको वह सब जानना चाहिए, जिनकी आपको जरूरत होगी।



### मेंस ग्रूमिंग क्यों जरूरी है?

एक रिसर्च के अनुसार, 'ग्रूमिंग रूटीन फॉलो करने से पुरुषों के मन में अपनी बॉडी इमेज को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।' ग्रूमिंग से बूस्ट होने वाला ये सेल्फ कॉन्फिडेंस न सिर्फ आपकी पर्सनल बल्कि प्रोफेशनल लाइफ में भी हेल्प करता है।

### मेंस ग्रूमिंग के स्टेप्स

मेंस ग्रूमिंग कोई ऐसा काम नहीं है, जिसे अलग से करने की जरुरत पड़े। बल्कि, अपनी दिनचर्या के कामों को बेहतर ढंग से करना ही सटीक ग्रूमिंग रूटीन है। आइए, इसके बारे में थोड़ा विस्तार से जानते हैं।


### चेहरे को धोना

हम सभी रोज अपने चेहरे को धोते ही हैं। लेकिन अगर स्किन की जरुरतों और टाइप के हिसाब से सही प्रोडक्ट और टेक्निक को चुना जाए तो बेहतर रिजल्ट हासिल किए जा सकते हैं। जैसे,



### अगर पॉल्यूशन छीन रहा है चमक

भारत के ज्यादातर शहरों में प्रदूषण बड़ी समस्या है। प्रदूषण के बारीक कार्बन कण स्किन पर चिपक जाते हैं, जिससे स्किन की केमिस्ट्री बदल जाती है। इसके अलावा, ये स्किन तक पोषक तत्वों का पहुंचना भी मुश्किल बना देते हैं। ये स्थिति स्किन को समय से पहले बूढ़ा और बेजान बना सकती है।



# कार्तिक ने प्रशंसकों का माना आभार...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से ही प्रशंसकों ने कार्तिक के अभिनय की जमकर तारीफ की साथ ही फिल्म की कहानी भी प्रशंसकों को बेहद पसंद आई। इन दिनों कार्तिक अपनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसकों से मिले प्यार से कार्तिक बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। फिल्म ने अपने चौथे दिन भारत में लगभग 6.01 करोड़ की कमाई की।

लाइफ Style



# पश्मिना

## ऋतिक ने दी ये सलाह

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऋतिक रोशन की बहन और म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी पश्मिना रोशन 'इश्क विश्क रिबाउंड' से बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म में वह फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता रोहित सराफ, जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस बीच पश्मिना ने एक साक्षात्कार में ऋतिक रोशन से मिली सलाह के बारे में साझा किया। साक्षात्कार के दौरान पश्मिना से जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें उनके भाई ऋतिक और चाचा राकेश रोशन से कोई सलाह मिली है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, 'बिल्कुल, मुझे एक कलाकार के रूप में कैसे सुधार करना है और जीवन में कैसे खुद को बेहतर बनाना है, इसके लिए मुझे उनसे सलाह मिली है। एक फिल्म या एक फिल्म निर्माता को एक चरित्र की आवश्यकता होती है। इससे कम पर समझौता नहीं किया जा सकता। असली खेल तो अब शुरू हो रहा है। मैं शुक्रवार को 'इश्क विश्क रिबाउंड' से डेब्यू कर रही हूं। इस फिल्म के बाद मुझे एक फ्रीलांसर की तरह और काम ढूंढना होगा।' अभिनेत्री से जब पूछा गया कि उन्होंने इतनी देर से क्यों डेब्यू किया, तो उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में होना इतना आसान नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। मुझे कैमरे के सामने तैयार रहना पड़ता था। मैं अपने अभिनय और डांसिंग स्किल पर काम कर रही थी। यह केवल एक महीने का सफर नहीं है, इसमें लंबा समय लगता है।

हॉलीवुड मसाला



# डांस मूव्स के लिए हुए ट्रोल...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट इन दिनों अपने एराज टूर पर निकली हुई हैं। इस शो के लिए उनके चाहने वालों में अलग किस्म की दीवानगी देखने को मिल रही है। वहीं, इंटरनेट पर टेलर स्विफ्ट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे वे डांस करती नजर आ रही हैं। उस वीडियो की वजह से टेलर को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किया है, 'टेलर से बेहतर डांस मेरा छोटा भाई कर लेता है'।




# ब्रैड की आगामी फिल्म अगले साल होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** ब्रैड पिट की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फॉर्मूला 1 पर आधारित यह फिल्म अगले साल बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान 'टॉप गन: मेवरिक' बना चुके जोसेफ कोसिंस्की के हाथों में है। ब्रैड पिट हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह फॉर्मूला 1 रेसिंग पर आधारित फिल्म में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अगले साल 25 जून को रिलीज होगी। सिनेमाघरों में इस फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए एपल ने वॉर्नर ब्रदर्स के साथ साझेदारी की है। कंपनी इन दिनों अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एपल टीवी प्लस पर फिल्मों को लाने से पहले ज्यादातर फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज कर रही है।



# अश्मित पर भड़क गई थीं मल्लिका...

**मुंबई।** अश्मित पटेल फिल्म मर्डर में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत के साथ काम कर चुके हैं। अश्मित ने कहा, 'फिल्म में एक सीन था जहां पर मुझे उनके गला को दबाना था।' मुझे याद है मैंने नसीर साहब से पूछा कि कैसे चोक कर सकते हैं, बिना किसी को असर में डाले। उन्होंने फिर बताया कि कैसे करें कि एक्सप्रेशन से लगेगा कि आप कर रहे हो, लेकिन असल में ऐसा नहीं हुआ। मैंने फिर वैसे ही किया और कट के बाद मल्लिका ने इश्यू बना दिया। अश्मित ने बताया कि मल्लिका काफी दिमाग वाली थीं और उन्होंने उस वक्त अपने स्टेटमेंट और कई चीजों से खुद को लाइमलाइट में रखा था, जबकि बाकी सब पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। इसके बाद उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया, जब मल्लिका ने अश्मित पर गला दबाने का आरोप लगाया था।



# सुनाए पिता की कामयाबी के किस्से...

**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी हाल ही में 'डांस दीवाने' शो में बतौर जज नजर आए। एक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पिता वीरप्पा शेट्टी के बारे में साझा किया कि वह नौ साल की उम्र में अपने घर से भाग गए थे और मुंबई के एक होटल में वेटर की नौकरी की। अभिनेता ने आगे कहा, 'उन्होंने दक्षिण भारतीय होटल में नौ साल की उम्र में नौकरी की, हमारे समुदाय के बारे में एक चीज है कि हम एक -दूसरे की मदद करते हैं। उनकी पहली नौकरी टेबल साफ करने की थी। वह बहुत छोटे थे। वह इतने छोटे थे कि उन्हें टेबल को साफ करने के लिए उसके चार चक्कर लगाने पड़ते थे। वह चावल की बनी बोरियों पर सोते थे। उन्होंने आगे कहा कि उनके मालिक ने तीन इमारतें खरीदी और उनके पिता को उसकी देखभाल के लिए कहा।

टीवी मसाला



# तलाक की खबरों के बीच निखिल को फैंस ने खूब सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** दलजीत कौर और निखिल पटेल के बीच की खटास अब जग-जाहिर हो चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने पति पर शादीशुदा होने के बावजूद एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर होने के आरोप लगाए थे जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए दोनों ने एक-दूसरे पर निशाना साधा था। अब उनकी ये आपसी अनबन तलाक तक जा पहुंची है।हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केन्या के कोर्ट में कपल की अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इन सबके बीच हाल ही में दलजीत कौर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वह काफी इमोशनल नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को दूसरी बार तलाक का दर्द झेलता देख उनके फैंस का कलेजा पसीज गया है। सोशल मीडिया पर उनके फैंस सामने आकर उन्हें तसल्ली और सांत्वना दे रहे हैं। जहां कई फैंस ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है, तो कई ने उनके पति निखिल पटेल को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई है। एक सोशल मीडिया यूजर दलजीत कौर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखते हैं, 'वो बुड्ढा था बहुत ज्यादा.. तुम्हें उससे शादी नहीं करनी चाहिए थी। तुमने उस उम्रदराज इंसान से शादी क्यों की। तुम्हें कोई काफी अच्छा इंसान मिल जाता।'

## बॉडीगार्ड ने सरेआम की थी बदतमीजी मना करने पर भी बार-बार किया था टच



**नई दिल्ली।** अविका गौर टीवी पर किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सीरियल 'बालिका वधू में 'आनंदी' का किरदार निभा घर-घर में पहचान बनाई। छोटे पर्दे से निकलकर अविका गौर साउथ सिनेमा और हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में अविका गौर ने हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वह अपने बॉडीगार्ड की हरकत से सकते में आ गई थीं। एक्ट्रेस ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनके बॉडीगार्ड ने उनके साथ सरेआम बदतमीजी की थी। ये वाकया कजाकिस्तान का है। अविका गौर ने अपने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे याद है किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की थी। मैंने जब पीछे मुड़कर देखा तो वहां सिर्फ मेरा बॉडीगार्ड मौजूद था। मैं फिर जब स्टेज पर जा रही थी तब दोबारा किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की, लेकिन वहां मेरे बॉडीगार्ड के अलावा कोई और नहीं था।

# बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके दक्षिण के ये सितारे, लिस्ट के नाम कर देंगे हैरान

*मुंबई। दक्षिण के कई सितारे बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके। इस लिस्ट में पहले नंबर पर रामचरण का नाम आता है। उनका नाम तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शामिल किया जाता है। **आरआरआर के बाद राम चरण** पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो चुके हैं। हालांकि, उनका बॉलीवुड डेब्यू काफी फीका रहा था। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी फिल्म जंजीर से उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। इसके बाद राम चरण किसी भी हिंदी फिल्म में नजर नहीं आए।*



***विक्रम तमिल सिनेमा** के दिग्गज सितारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी के वह कई बार दर्शकों को चौंका चुके हैं। अभिनेता ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन बॉलीवुड में वह बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने रावण और डेविड नाम की हिंदी फिल्म में काम किया, लेकिन दोनों ही फिल्में टिकट खिड़की पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं।*



***विजय देवरकोंडा** को गीता गोविंदम और अर्जुन रेड्डी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह भी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। फिल्म लाइगर में वह अनन्या पांडे के साथ नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी।*



***सूर्या तमिल सिनेमा** के एक और सितारे का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अभिनेता कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन बॉलीवुड में उनकी फिल्मों का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म रक्तचरित्र 2 में वह नजर आए थे, लेकिन यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।*



# गोविंदा की वो फिल्म जिसने 1993 में बॉक्स ऑफिस पर रच डाला था इतिहास

**मुंबई।** आज भले ही गोविंदा फिल्मों से दूर हो चुके हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब बॉक्स ऑफिस पर उनके नाम से ही फिल्में सुपरहिट हुआ करती थीं। लाइमलाइट से दूर हो चुके गोविंदा की ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें आप बार-बार भी देखें तो मन नहीं भरेगा। आज हम आपको गोविंदा की उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महज 2 करोड़ में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन रिलीज होते ही यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई और कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। एक्शन से लेकर कॉमेडी तक, गोविंदा ने अपने करियर में हर तरह की फिल्में कीं और उन सभी में उन्हें सफलता भी मिली। ठीक ऐसी ही एक फिल्म थी 'आंखें' जो साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गोविंदा की यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही हंगामा मचाने लगी थी, जो बेहद ही कम बजट में बनकर तैयार हुई थी।



विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, फिल्म 'आंखें' साल 1993 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी। यह एक कॉमेडी फिल्म थी, जो डेविड धवन द्वारा निर्देशित और अनीस बज्मी द्वारा लिखित थी। इस फिल्म में गोविंदा के साथ चंकी पांडे, रितु शिवपुरी, रागेश्वरी, शिल्पा शिरोडकर, बिंदू, हरीश पटेल, शक्ति कपूर, महावीर शाह और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदारों में नजर आए थे।

# इन सितारों को मिला था 'बॉर्डर' का ऑफर, ठुकराने के बाद पीटा माथा!

*नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल बनने जा रहा है। मेकर्स ने बॉर्डर 2 की घोषणा भी कर दी है। ये फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर में सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना और तब्बू जैसे तमाम सितारे नजर आए थे। 1997 में आई इस फिल्म में नजर आने से पहले कई स्टार्स को इस फिल्म का ऑफर दिया गया था। इन कलाकारों के हां बोलने से पहले बॉर्डर को कई सितारे ठुकरा चुके थे।*



**आमिर खान :** इस लिस्ट में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का नाम भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर खान को भी फिल्म 'बॉर्डर' में रोल ऑफर हुआ था। मगर उन्होंने भी इस फिल्म को करने से मना कर दिया था।



**जूही चावला :** 'बॉर्डर' में तब्बू भी अहम किरदार में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका किरदार भी काफी पसंद आया था। मगर शायद ही आप जानते हो कि इस किरदार के लिए तब्बू मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले इस किरदार के लिए मेकर्स ने जूही चावला से बात की थी। उन्होंने इसे करने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद ये तब्बू की झोली में आ गिरी।



**अनिल कपूर :** धरवीर के रोल में नजर आए अभिनेता अक्षय खन्ना का किरदार पहले अनिल कपूर को ऑफर हुआ था। मगर अनिल कपूर ने भी किसी कारणवश इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। इसके बाद ये फिल्म अक्षय खन्ना को ऑफर हुई थी। धरवीर के किरदार में उन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

# 'एसएसबी 29' के लिए राजामौली ने खरीदे अफ्रीकी किताबों के अधिकार!



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार महेश बाबू और फिल्म निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली 'एसएसएमबी 29' के जरिए पहली बार साथ काम कर रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को लेकर दर्शक लगातार नई जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने पहले बताया था कि यह फिल्म अफ्रीकी जंगलों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इंडियाना जोन्स एडवेंचर टेम्पलेट की कहानी को दिखाएगी। वहीं, अब इस फिल्म की कहानी को लेकर एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक एसएस राजामौली ने कथित तौर पर अफ्रीकी-ब्रिटिश उपन्यासकार विल्बर स्मिथ के बेस्टसेलिंग एडवेंचर उपन्यासों ट्रायम्फ ऑफ द सन और किंग ऑफ किंग्स के अधिकार खरीद लिए हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इन दोनों पुस्तकों की विषय-वस्तु निश्चित रूप से राजामौली को फिल्म की कहानी के लिए बड़ा आधार देगी, जिसके जरिए राजामौली फिल्म की कहानी को दमदार बनाने की योजना बना सकते हैं। ये दोनों पुस्तकें सूडान, अफ्रीका में सेट हैं और अफ्रीकी क्षेत्रों में कई पात्रों की साहसिक यात्रा को बताती है।

Online Booking : www.tripuryatra.com

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



**स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 19 सितंबर 2024 तक ( 07 दिन )**

स्लीपर मात्र 8,500/-

रायपुर (15.00), बिलापुर (17.30), चाम्पा (18.30), रायगढ़ (19.40) से होकर

सबसे कम राशि पर

# गंगा सागर यात्रा

सारे तीरथ बार-बार, गंगा सागर एक बार

## गंगा सागर, श्री जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : स्लीपर 13,500/-, 3एसी -21,500/-, 2 एसी -26,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 16,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

**श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगी नारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)**

रिजर्वेशन कोच (15 दिन)
05 सितंबर से 19 सितंबर 2024
09 सितंबर से 23 सितंबर 2024
18 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024
23 सितंबर से 06 अक्टूबर 2024
05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024

चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए स्वयं के हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

नोट : 11 टिकिट बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री (ऑफर केवल 30 जून तक)

यात्रा पंजीयन खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-34,500/- ऑफर : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)**

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
25 जुलाई से 03 अगस्त 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,100/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

अयोध्या (राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी,

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
25 जुलाई से 06 अगस्त 2024
22 अगस्त से 03 सितंबर 2024
12 सितंबर से 24 सितंबर 2024
19 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024
02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
07 नवंबर से 19 नवंबर 2024
28 नवंबर से 10 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024


राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- I ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूर से से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )**

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

रायपुर (8.00), उसलापुर (10.30), शहडोल (14.40) से होकर



स्लीपर मात्र 8,500/-

**श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (महाकालेश्वर)**

स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।

राशि : 12,500/- रू., 3एसी-20,500/-, 2एसी-25,500/-
ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

**स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर**

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी।
4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन के अंदर राशि के निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन के अंदर 50 प्रतिशत, 7 दिन के अंदर 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन के अंदर राशि वापसी नहीं हो पाएगी।
2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी।
4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. अंतिम यात्रा दिनांक से पहले आप बुकिंग करवा लें। ट्रेनों में आजकल दो महीना पहले ही वेटिंग लग जाती है। 6. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 7. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

ऑफिस समय
सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411

**नोट : कृपया *www.tripuryatra.com* से यात्रा टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्ते को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।**

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

shree tripur tirth yatra

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ) (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता), श्रीमती अंजू गभेल (उपाध्यक्ष)

समिति की उपलब्धियां -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छतीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

**OFFICE ADDRESS** RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com